नकली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नीमच, कमलेश सारडा। मध्यप्रदेश के नीमच (neemuch) जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है बता दें कि जावद पुलिस ने नकली शराब बनाकर बेचने वाले गिरोह को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी संख्या में नकली शराब जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार आरोपी गणपत पिता भंवर हरिजन उम्र 34 वर्ष निवासी अम्बा नगर निम्बाहेड़ा एवं गणेश पिता दलचु मीणा उम्र 32 वर्ष निवासी मरजीवी रोड निम्बाहेड़ा के कब्जे से 60 लीटर अवैध देशी शराब और एक बाइक हीरो क्रमांक एमपी 44 एम के 0526 को अठाना रोड जावद से चुराई गई थी। जो जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के घर पर दबिश में मिली शराब की फैक्ट्री

जांच के दौरान आरोपी मनीष कुमावत निवासी रानीखेड़ा के बाड़े में दबिश दी गई। जहां चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, एक कमरे में अवैध शराब निर्माण की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। जहां शराब की 200 बोतल और उसमें भरा जाने वाला 21 लीटर स्प्रीट, 04 पेटी देशी शराब करीब 34 लीटर और बोतल पेक करने की मशीन व अन्य सामग्री मौके पर पाई गई।

इस अवैध फैक्ट्री मनीष कुमावत के बाडे में स्थित मकान पर संचालित की जा रही थी। इस संबंध में मनीष कुमावत पिता पृथ्वीराज कुमावत उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रानीखेड़ा निम्बाहेड़ा को गिरफ्तार कर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ कर 34 लीटर अवैध देशी शराब, 21 लीटर अंग्रेजी नकली शराब, 200 रॉयल स्टैग ब्रांड की बोतलें जब्त कर फैक्ट्री को सील की गई। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

Source: https://mpbreakingnews.in/madhya-pradesh/neemuch/fake-liquor-manufacturing-gang-busted-accused-arrested-msa/